सामाजिक विज्ञान

कक्षा 8

(इतिहास)

Chapter 1: कब कहां और कैसे

To get notes visit our website

mukutclasses.in

अभ्यास के प्रश्न

प्रश्न 1. सही और गलत बताएँ।
(क) जेम्स मिल ने भारतीय इतिहास को हिंदू, मुसलिम, ईसाई, तीन काल खंडों में बाँट दिया था।
(ख) सरकारी दस्तावेज़ों से हमें ये समझने में मदद मिलती है कि आम लोग क्या सोचते हैं।
(ग) अंग्रेज़ों को लगता था कि सही तरह शासन चलाने के लिए सर्वेक्षण महत्त्वपूर्ण होते हैं।
उत्तर (क) सही। (ख) गलत। (ग) सही।

प्रश्न 2. जेम्स मिल ने भारतीय इतिहास को जिस तरह काल खंडों में बाँटा है, उसमें क्या समस्याएँ हैं?
उत्तर: 1817 में स्कॉटलैंड के अर्थशास्त्री और राजनीतिक दार्शनिक जेम्स मिल ने तीन खंडों में ए हिस्ट्री ऑफ ब्रिटिश इंडिया (ब्रिटिश भारत का इतिहास) किताब लिखी। उसमें निम्नलिखित समस्याएँ है।
1. यह काल विभाजन धर्म के आधार पर किया गया है।
2. यह काल विभाजन औपनिवेशिक विचारधारा पर आधारित था।
3. इस काल विभाजन का उद्देश्य भारतीयों को अलग-अलग पहचान देकर फूट डालना था।

प्रश्न 3. अग्रेज़ों ने सरकारी दस्तावेजों को किस तरह सुरक्षित रखा?
उत्तर: अंग्रेजों ने सरकारी दस्तावेजों को निम्नलिखित प्रकार से सुरक्षित रखा था
1. उन्होंने सभी शासकीय संस्थानों में अभिलेख कक्ष बनवाए।
2. तहसील के दफ्तर, कलेक्टरेट, कमिश्नर के दफ्तर, प्रांतीय सचिवालय, कचहरी में अपने-अपने रिकॉर्ड रूम बनवाए।
3. महत्त्वपूर्ण दस्तावेज़ों को सुरक्षित रखने के लिए अभिलेखागार और संग्रहालय जैसे संस्थान भी बनवाए।

प्रश्न 4. इतिहासकार पुराने अखबारों से जो जानकारी जुटाते हैं वह पुलिस की रिपोर्टों में उपलब्ध जानकारी से किस तरह अलग होती है?
उत्तर: पुराने अखबारों से इतिहासकार जो जानकारियाँ प्राप्त करते हैं वे सही और विस्तृत होती है। यह संवाददाताओं द्वारा निष्पक्ष रूप से इकट्ठी की गयी होती है। जबकि पुलिस रिपोर्ट के पक्षपातपूर्ण होने की संभावना होती है, क्योंकि पुलिस रिपोर्ट सरकार की सोच, वरिष्ठ अधिकारियों के दबाव तथा जाँच अधिकारी के व्यक्तित्व पर निर्भर होती है।

प्रश्न 5. क्या आप आज की दुनिया के कुछ सर्वेक्षणों का उदाहरण दे सकते हैं? सोचकर देखिए कि खिलौना बनाने वाली कंपनियों को यह पता कैसे चलता है कि बच्चे किन चीज़ों को ज्यादा पसंद करते हैं। या सरकार को यह कैसे पता चलता है कि स्कूल में बच्चों की संख्या कितनी है? इतिहासकार ऐसे सर्वेक्षणों से क्या हासिल कर सकते हैं?
उत्तर: सर्वेक्षणों के कुछ उदाहरण निम्नलिखित हैं।
1. जनगणना ।
2. राजस्व सर्वेक्षण।
3. वनस्पतिक सर्वेक्षण
4. पुरातात्विक सर्वेक्षण

खिलौने बनाने वाली कंपनियाँ भी सर्वेक्षण के माध्यम से बच्चों की पसंद का पता लगाती हैं।
सरकार सर्वेक्षण के आधार पर स्कूलों में बच्चों की संख्या पता लगाती है।
इतिहासकार सर्वेक्षणों से विभिन्न जानकारियाँ इकट्ठा करते हैं। इससे उन्हें समाज के महत्वपूर्ण विषयों पर लिखने में सहायता मिलती हैं।